कोटद्वार, शुक्रवार
10 मई 2024
वर्ष: 46
अंक: 20 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### बारिश से जंगलों की आग हुई शांत, वन विभाग को मिली राहत

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पौड़ी और आस-पास के इलाकों में गुरुवार को जंगलों की आग शांत रही। बुधवार रात को हुई हल्की बारिश ने राहत दी। बारिश के कारण गुरुवार को यहां तापमान में भी गिरावट रही। पिछले कई दिनों से छाई धुंध से भी निजात मिली। धुंध के कारण पौड़ी मुख्यालय का एक्यूआई में भी बढ़ोत्तरी होने लगी थी। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में जहा जंगल आग से धधक रहे हैं। वहीं बुधवार रात को हुई हल्की बारिश से वनों की आग शांत हो चुकी है। इधर वन विभाग ने भी राहत की सांस ली है। पिछले कई दिनों से पौड़ी जिले में जगह-जगह जंगल धू-धू कर जल रहे थे, लेकिन वन महकमा तमाम प्रयासों के बाद भी जंगलों की आग को नहीं बुझा पाया। जिस कारण वन्य जीव और वन्य संपदा को लगातार नुकसान पहुंचा। बुधवार रात को हुई हल्की बारिश के कारण गुरूवार की सुबह जंगलों की आग बुझ चुकी है।

### कबाड़ की दुकान में विस्फोट, 8 लोग घायल

देहरादून। राजधानी देहरादून में आज बड़ा हादसा हो गया। किद्दूवाला में एक कबाड़ी की दुकान में अचानक धमाका हो गया। जिसमें आठ लोग घायल हो गए। तीन लोग गंभीर घायल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना रायपुर को 108 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि किद्दूवाला लेन न0–3, में एक कबाडी की दुकान में धमाका हुआ है, जिसमें दुकान में मौजूद कुछ व्यक्ति घायल हो गये है। उक्त सूचना पर तत्काल थाना रायपुर से पुलिस बल, दमकल के वाहन तथा बीडीएस की टीम मौके पर पहुंची तथा मौके पर घायल व्यक्तियो को उपचार हेतु कोरोनेशन तथा दून अस्पताल भिजवाया गया। घटना के सम्बंध में जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त दुकान के मालिक रमेश कुमार खडका पुत्र धर्म सिंह खडका, निवासी लोउर नेहरूग्राम, थाना रायपुर है, जिनके द्वारा 01 माह पूर्व ही उक्त दुकान को शुभम पुत्र दीपक को किराये पर दिया था, जिसके द्वारा वहां कबाडी का कार्य किया जा रहा था।इस दौरान पुलिस को पता चला कि, किद्दूवाला के कुछ कबाड़ी रायपुर के मालदेवता स्थित आर्मी की फायरिंग रेंज में कूड़ा बीनते थे। बीती रोज भी ये वहां से कूडा बीन कर लाए थे और इन्हांने यह कूडा इस शुभम को बेचा था। इसी कबाड़ में किसी के हाथ इसी रेंज से बिना फायर हुआ बम लगा था। इसी बम को आज कबाड़ी की दुकान पर हथौड़े से तोड़कर अलग किया जा रहा था। इसी दौरान बार–बार हथौड़े मारने से बम फट गया। उस समय कबाड़ी की दुकान में आठ लोग मौजूद थे जो कि वहां कबाड़ बेचेने आये थे। सभी इस धमाके की चपेट में आ गये और गंभीर रूप से घायल हो गये। धमाका इतना जबरदस्त था कि आसपास के मकानों की खिड़किया तक हिल गयी और आवाज तीस सौ मीटर दूर तक सुनाई दी। इस दौरान वहां आसपास के दुकानदारों में भगदड़ मच गयी और सड़क पर जाम लग गया।

### 15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों पर भर्ती शुरू करेंगे : राहुल गांधी

नई दिल्ली ,कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि 4 जून को उनकी यानी इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। राहुल गांधी का कहना है कि देश में फिलहाल बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है, इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर वह 15 अगस्त तक 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे।

उन्होंने गुरुवार को देश के युवाओं ने नाम एक वीडियो संदेश में यह बातें कही। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के हाथ से चुनाव निकल रहा है, वे स्लीप कर रहे हैं और वह हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने (भाजपा) निर्णय ले लिया है कि अगले चार–पांच दिनों में आपके ध्यान को भटकाना है। इसके लिए कुछ न कुछ करना है, लेकिन, आपका ध्यान भटकना नहीं चाहिए। बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। नरेंद्र मोदी जी ने कहा था कि 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे। लेकिन, झूठ बोला, नोटबंदी की, गलत जीएसटी लागू की।

# आज खुलेंगे कपाट, 20 कुंतल फूलों से सजा मंदिर



### बाबा केदार की डोली केदारनाथ पहुंची, हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा

रुद्रप्रयाग। बाबा केदार की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली गुरुवार को केदारनाथ पहुंच गई। सरकार की ओर से डोली के स्वागत में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराई गई। पूरी केदारपुरी बम बम भोले, जय बाबा केदार के जयकारों से गुंजायमान रही। भगवान केदारनाथ की डोली अपने तीसरे और अंतिम पड़ाव में केदारनाथ पहुंच गई। गुरुवार सुबह 8.30 बजे डोली को लेकर बड़ी संख्या में भक्त गौरामाई मंदिर गौरीकुंड से केदारनाथ के लिए रवाना हुए। रास्ते में डोली का श्रद्धालुओं और स्थानीय भक्तों ने स्वागत किया। जैसे ही डोली बेस कैंप पहुंची तो भक्त भाव–विभोर हो गए।

### जमकर झूमे डोली संग पहुंचे हजारों श्रद्धालु

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के कपाट आज शुक्रवार सुबह शुभ लग्न पर सात बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। मंदिर को बीस कुंतल फूलों से सजाया गया है। देर शाम तक केदारनाथ में 16 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं जबकि अभी भी पैदल रास्ते पर श्रद्धालुओं का आवागमन जारी है। वहीं, कपाट खुलने के मौके पर सीएम धामी भी धाम में मौजूद रहेंगे।

बृहस्पतिवार को सुबह सात बजे गौरीकुंड में मां गौरी माई मंदिर में भगवान केदारनाथ की विशेष पूजा–अर्चना की गई। पुजारी शिव शंकर लिंग ने बाबा केदार का अभिषेक कर मां गौरी के साथ आरती उतारी।

इधर बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि देर शाम तक छह हजार से अधिक श्रद्धालु धाम पहुंच चुके हैं।

गौरीकुंड से केदारनाथ तक पैदल मार्ग पर अब भी श्रद्धालुओं के धाम पहुंचने का सिलसिला जारी है। ऐसे में कपाट खुलने के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

**कपाट खुलने से पहले ही धाम पहुंचने लगे श्रद्धालु**

कपाट खुलने से पूर्व बदरी–केदार मंदिर समिति मंदिर परिसर को संवारने में जुटी है। वहीं, धाम में फूल, प्रसाद और भगवान के श्रृंगार की सामाग्री की दुकानें व्यापारी सजाने लगे हैं। बदरीनाथ धाम की आंतरिक सड़कों पर काफी संख्या में दुकानें खुल चुकी हैं, वहीं साकेत तिराहे की सड़को पर भी चूड़ी माला सहित भगवान बदरी विशाल को चढ़ाए जाने वाले प्रसाद की दुकानें खुलने लगीं हैं। कपाट खुलने से पूर्व ही श्रद्धालु धाम पहुंचने लगे हैं।

व्यापारी विनोद डिमरी, जमुना रेवानी, तिजेंद चौहान ने बताया कि भगवान बदरी विशाल के कपाट खुलने में दो दिन का समय रह गया है। धीरे–धीरे सभी व्यापारी पहुंच कर यात्राकाल के लिए अपनी दुकानों को ठीक करने में लगे हैं।

# दिन दहाड़े गोली चलने से मचा हड़कंप, आरोपी गिरफ्तार



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** कोटद्वार में बेखौफ अपराधी लगातार अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। वहीं अपराध को रोकने में कोटद्वार की पुलिस पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। आज गोलीकाण्ड से कोटद्वार के लोग दहशत में है। कोटद्वार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार को एक शराब व्यवसायी ने देवी रोड के तड़ियाल चौक पर दिन दहाड़े गोली चला दी। गोली चलने की आवाज से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

तड़ियाल चौक निवासी शक्ति तड़ियाल ने कोतवाली में तहरीर दर्ज कराई है। तहरीर में शक्ति तड़ियाल ने बताया कि गुरुवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे वह तड़ियाल चौक पर खड़ा था। इसी दौरान शराब व्यवसायी अभिषेक वहां आकर उससे बातचीत करने लगा। अचानक उसने उसे गाली देते हुए फायर कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 504/506/307 भादवि पंजीकृत किया। चर्चा है कि शराब व्यवसायी द्वारा चलाई गई गोली का पहला राउंड मिस हो जाने के बाद दूसरे राउंड में हवाई फायर करने पर फायर हो गया। फायरिंग की आवाज सुनकर तड़ियाल चौक पर हड़कंप मच गया। अपराध की गम्भीरता को देखते हुये एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा अभियोग के सफल निस्तारण के लिये टीमें गठित करने हेतु आदेशित किया गया। जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में प्रभारी कोतवाली कोटद्वार के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा अभियुक्त अभिषेक कठैत पुत्र स्व. लक्ष्मण सिंह निवासी स्काई हिल डवलप सोसाइटी सिम्बलचौड, निकट आरटीओ रोड, तहसल कोटद्वार, जनपद पौडी गढवाल, को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्त अभिषेक की निशानदेही पर मुकदमा उपरोक्त में प्रयुक्त पिस्टल को मय कारतूस के बरामद किया। अभियुक्त अभिषेक दुर्गापुरी घमण्डपुर में अंग्रेजी शराब की दुकान का अनुज्ञापी है। अभियुक्त अभिषेक उपरोक्त के विरुद्ध पूर्व में भी थाना हाजा कई मुकदमे पंजीकृत हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक विनोद कुमार, उपनिरीक्षक प्रद्युमन सिंह नेगी, उपनिरीक्षक कमलेश शर्मा, हेड कांस्टेबल अनुज कुमार, संतोष कुमार, उत्तम सिंह, मुकेश कुमार, कांस्टेबल चन्द्रपाल, अमित सुयाल आदि शामिल थे।

# परिवार की पांचों सीट हारेगी सपा, नहीं खुलेगा खाता : आदित्यनाथ



लखीमपुर खीरी/लखनऊ ,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में यूपी में सपा का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया के परिवार की पांचों सीटों पर हार सुनिश्चित है। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को गोला में खीरी लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पार्टी प्रत्याशी अजय मिश्रा टेनी के लिए वोट की अपील की। मुख्यमंत्री ने बाबा गोला गोकर्णनाथ की पावन धरा को नमन करते हुए महाराणा प्रताप की पावन जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग कह रहे हैं कि राममंदिर का निर्माण अनावश्यक हुआ है। चुनाव जैसे जैसे आगे बढ़ रहा है दो चीजें साफ हो गई हैं।

### भारत की भूमि आदर्श माताओं से समृद्धः रामदेव

हरिद्वार। योगगुरु स्वामी रामदेव ने गुरुवार को पतंजलि विवि में कार्यशाला में कहा कि जीजाबाई, पुतलीबाई, मदालसा, सीता आदि ने सुसंस्कारित संतानों को जन्म दिया। वर्तमान में भारत भूमि को ऐसी ही संततियों की आवश्यकता है। पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज एवं हॉस्पिटल, पतंजलि अनुसंधान और पतंजलि विवि की ओर से गुरुवार को गर्भ संस्कार विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला संतति सृजनम् का आयोजन किया गया।

उसका उदघाटन स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण और विशिष्ट अतिथि डॉ. कल्पना शर्मा ने किया। इस दौरान डॉ. कल्पना को आयुर्वेद के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया।

# सड़क निर्माण एजेंसियां गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान : धामी

- वन विभाग के कार्मिक ग्रामीणों के साथ बनाएं बेहतर तालमेल
- वन विभाग तैयार करे राज्य के लिए एक समावेशी प्लान

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को फॉरेस्ट ट्रेनिंग अकादमी हल्द्वानी में वन, पेयजल, सड़क तथा विद्युत विभाग की समीक्षा की। उन्होंने वनाग्नि की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम और कार्मिकों के मनोबल को बनाए रखने के लिए उच्च अधिकारियो को मौके पर फील्ड में बने रहने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि ब्रिटिश काल की फायर लाइन जो अभी भी अस्तित्व में है, उन्हें रिस्टोर किया जाए ताकि वनाग्नि से जंगलों को काफी हद तक बचाया जा सके।



मुख्यमंत्री ने वन विभाग के कार्मिकों को ग्रामीणों के साथ बेहतर तालमेल बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर तालमेल से किसी भी प्रकार की आपदा के समय ग्रामीण सहयोगी के रूप में भूमिका निभायेंगे। इससे आपदा के प्रभाव को कम करने में काफी हद तक मदद मिलेगी और ग्रामीण अपने वन-जंगल के प्रति भी जुड़ाव महसूस करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ ही वनाग्नि की घटनाओं से निपटने में यद्यपि वन विभाग प्रयासरत है फिर भी इस दिशा में वन विभाग राज्य के लिए एक समावेशी प्लान तैयार करे जिससे हर साल लगने वाली आग को कम से कम किया जा सके। उन्होंने इस संबंध में देश के साथ ही विदेशो के विकसित मॉडल का अध्ययन पर बल देते हुए कहा कि इसे जरूरत के हिसाब से अपने राज्य के प्लान में समावेशित किये जाने के प्रयास किये जाएं। कहा कि वन विभाग अपने ढांचे को निचले स्तर से सुदृढ़ कर बेहतर तरीके से कार्यों को क्रियान्वित करने पर ध्यान दे।



## संपादकीय

# वैक्सीन के साइड इफेक्ट

हाल ही में कोरोना वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने स्वीकारा कि उसकी कोविशील्ड वैक्सीन के रेयर साइड इफेक्ट हो सकते हैं। जिसको लेकर देश में नए सिरे से बहस शुरू हुई। विशेषज्ञ सलाह दे रहे हैं कि घबराएं नहीं, टीके से जुड़ा खतरा दस लाख में से एक व्यक्ति को होता है। वैसे देश के चुनावी माहौल के बीच आरोप–प्रत्यारोप की राजनीति के कोलाहल में यह तय कर पाना कठिन हो जाता है कि हवा में तैर रही खबर की तार्किकता क्या है। यह भी कि यह खबर वास्तविक है या राजनीतिक लक्ष्यों के लिये गढ़ी गई है। वहीं दूसरी ओर व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के चलते भारत के खिलाफ जो वैश्विक गुटबंदी चल रही है, कहीं आरोप इस कड़ी का हिस्सा तो नहीं है। वैसे विशेषज्ञ कह रहे हैं कि कोविशील्ड वैक्सीन लेने के चार से बयालीस दिनों के भीतर टीटीएस प्रभाव हो सकता है, जो ब्लड क्लॉट बना सकता है। जिससे कालांतर प्लेटलेट्स की कमी शरीर में हो सकती है। दरअसल, वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन में एक अदालती सुनवाई के दौरान वैक्सीन के दुर्लभ प्रभावों की बात को माना था। कंपनी के विशेषज्ञों का कहना है कि टीटीएस दिमाग, फेफड़ों, आंत की खून की नली आदि में तो पाया गया लेकिन किसी को हार्ट अटैक की समस्या नहीं हुई। साथ ही यह भी कि कोविड संक्रमण के कारण भी ब्लड क्लॉट के मामले सामने आए हैं। कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि वैक्सीन से इम्यून सिस्टम में टी व बी सेल गतिशील होने से इम्यून प्रतिक्रिया बढ़ती है, जिसके बाद खून की नली में सूजन से ब्लड क्लॉट बनता है। जिसमें ज्यादा प्लेटलेट्स इस्तेमाल होने लगते हैं। जो कि टीटीएस की स्थिति होती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि वैक्सीन ने महामारी की घातकता को नब्बे प्रतिशत तक घटाकर रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाई। वहीं वैक्सीन के साइड इफेक्ट छह माह के भीतर सामने आ जाते हैं, इसके उपयोग को दो साल से अधिक का समय हो चुका है। उल्लेखनीय है सरकार ने कोरोना संकट के दौरान कोविशील्ड लेने हेतु व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया था। अब जब इसके दुष्प्रभावों को लेकर संशय पैदा हुआ है तो उसे अपने संसाधनों का इस्तेमाल करके लोगों की शंकाओं का निवारण भी करना चाहिए। सेहत से जुड़े किसी भी मामले में किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। यदि किसी तरह असुरक्षा की भावना बढ़ती है तो सरकार को तुरंत दूर करना चाहिए। नागरिकों की शंकाओं का तुरंत ही समाधान किया जाना चाहिए। पब्लिक डोमेन में कंपनी द्वारा चुनावी बांड खरीदे जाने को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। जिसके चलते लोगों के मन में कई तरह के सवाल उपजे हैं, जिनका निराकरण भी सरकार का प्राथमिक दायित्व है। हमें यह भी स्वीकारना चाहिए कि संकटकाल में इस वैक्सीन की तुरंत उपलब्धता से देश की बड़ी आबादी को सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया जा सका। बेहद कम समय में कोरोना से लड़ने के लिये उपलब्ध कराई गई वैक्सीन के साइड इफेक्ट से इनकार भी नहीं किया जा सकता। इस बात की आशंका भी है कि टीएसएस प्रभाव कोरोना संक्रमण के बाद भी सामने आ सकते हैं। कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि लॉकडाउन के कारण लाइफ स्टाइल बिगड़ने से लोगों की गतिशीलता में कमी, मानसिक तनाव वृद्धि से मोटापे व मधुमेह के चलते भी हृदयाघात के मामले बढ़े हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ हृदयरोग विशेषज्ञों का मानना है कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी को पहले ही बताना चाहिए कि वैक्सीन से टीटीएस जैसे साइड इफेक्ट हो सकते हैं। जानकारी होने पर लोग अपनी प्राथमिकता की वैक्सीन ले सकते थे। वहीं यह भी तार्किक है कि कोई दवा अथवा वैक्सीन यदि असर करती है तो उसके साइड इफेक्ट भी निश्चित रूप से होते हैं। कुछ विशेषज्ञ वैक्सीन के दुष्प्रभावों के आरोपों के मूल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रही वैक्सीन राजनीति को भी बताते हैं। कुछ अमेरिकी विशेषज्ञ वैक्सीन के दुष्प्रभावों को दूर करने के लिये हफ्ते में दो दिन सिर्फ एक बार खाना खाने की सलाह देते हैं, जिससे ब्लड क्लॉटिंग रोकने में मदद मिल सकती है।

# इस बार गायब हैं चार पुराने रणनीतिकार

**ब्रिजेन्द्र दुबे**

शोहरत की बुलंदी भी पल भर का तमाशा है, जिस डाल पे बैठे हों वो टूट भी सकती है मशहूर शायर बशीर बद्र का यह शेर 2024 लोकसभा चुनाव में देश के चार बड़े नेताओं पर पूरी तरह फिट है। याद करें कि 2019 में अपने–अपने दलों के लिए इन नेताओं की रणनीति काफी काम आई थी। लेकिन इस बार ये लोग सीन से पूरी तरह गायब हैं। आपको याद दिला दें कि ये नेता हैं– बंगाल के मुकुल रॉय, बिहार के आरसीपी सिंह, झारखंड के रघुवर दास और पंजाब के कद्दावर नेता रहे कैप्टन अमरिंदर सिंह। 2019 लोकसभा चुनाव में इन नेताओं का सिक्का चला था। इनके कहने पर दावेदारों का टिकट कटता और मिलता था। पूरे चुनाव में इनके घरों पर मजमा लगता था, लेकिन अब पांच साल बाद ये खुद पर्दे से गायब हो गए हैं। रघुवर दास को छोड़ दिया जाए, तो बाकी के तीन नेता अपने आवासों में ही सिमट के रह गए हैं। बदले समीकरण में राजनीतिक रूप से इन नेताओं को न तो कोई पूछ रहा है और न ही इन नेताओं को अब अपना आगे का भविष्य दिख रहा है।

2019 लोकसभा चुनाव में मुकुल रॉय ने बीजेपी की ओर से पश्चिम बंगाल की कमान संभाली थी। रॉय ने चुनाव से पहले तृणमूल के कई नेताओं को तोड़ कर बीजेपी के पाले में लाने का काम किया था, जिसमें अर्जुन सिंह, लॉकेट चटर्जी, सौमित्र खान और शांतनु घोष जैसे प्रमुख नेता शामिल थे। नेताओं के साथ–साथ मुकुल रॉय ने कई समाज और तृणमूल कांग्रेस के कोर वोटरों में भी सेंध लगा दी थी। 24 परगना के मतुआ समुदाय के हक पूरे चुनाव में मुद्दा बना दिया था, जिसका फायदा बीजेपी को चुनाव में हुआ। 2019 चुनाव में टिकट वितरण में भी बीजेपी ने मुकुल रॉय के समर्थकों को खूब तरजीह दी। नतीजा पार्टी के पक्ष में गया और पहली बार भाजपा ने बंगाल की 18 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की।

इस जीत ने मुकुल रॉय के कद में भी बढ़ोतरी की। 2020 में बीजेपी ने उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। हालांकि, बीजेपी में मुकुल का यह आखिरी प्रमोशन था। 2021 में बंगाल के विधानसभा चुनाव हुए, जिसमें बीजेपी दूसरे नंबर की पार्टी बनी। हार के बाद मुकुल ने नेता प्रतिपक्ष पद के लिए दावेदारी कर दी, जिसे बीजेपी हाईकमान ने नहीं माना। पार्टी ने मुकुल राय के बदले तृणमूल से ही आए शुभेंदु अधिकारी को बंगाल का नेता प्रतिपक्ष बनाया। मुकुल इसके बाद तृणमूल में चले आए, लेकिन दाल उनकी वहां भी नहीं गली। 2023 में वे फिर से बीजेपी में जाने की कोशिश में लगे थे, लेकिन वहां उनकी किरकिरी हो गई। वर्तमान में मुकुल रॉय कोलकाता स्थित अपने आवास पर ही हैं। उनके बेटे शुभ्रांशु के मुताबिक वे डिमेंशिया से पीड़ित हैं और डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है।

> **2019 लोकसभा चुनाव में इन नेताओं का सिक्का चला था। इनके कहने पर दावेदारों का टिकट कटता और मिलता था। पूरे चुनाव में इनके घरों पर मजमा लगता था, लेकिन अब पांच साल बाद ये खुद पर्दे से गायब हो गए हैं। रघुवर दास को छोड़ दिया जाए, तो बाकी के तीन नेता अपने आवासों में ही सिमट के रह गए हैं। बदले समीकरण में राजनीतिक रूप से इन नेताओं को न तो कोई पूछ रहा है और न ही इन नेताओं को अब अपना आगे का भविष्य दिख रहा है। 2019 लोकसभा चुनाव में मुकुल रॉय ने बीजेपी की ओर से पश्चिम बंगाल की कमान संभाली थी। रॉय ने चुनाव से पहले तृणमूल के कई नेताओं को तोड़ कर बीजेपी के पाले में लाने का काम किया था, जिसमें अर्जुन सिंह, लॉकेट चटर्जी, सौमित्र खान और शांतनु घोष जैसे प्रमुख नेता शामिल थे। नेताओं के साथ–साथ मुकुल रॉय ने कई समाज और तृणमूल कांग्रेस के कोर वोटरों में भी सेंध लगा दी थी। 24 परगना के मतुआ समुदाय के हक पूरे चुनाव में मुद्दा बना दिया था, जिसका फायदा बीजेपी को चुनाव में हुआ। 2019 चुनाव में टिकट वितरण में भी बीजेपी ने मुकुल रॉय के समर्थकों को खूब तरजीह दी। नतीजा पार्टी के पक्ष में गया और पहली बार भाजपा ने बंगाल की 18 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की।**

याद कीजिए बिहार जदयू के कद्दावर नेता आरसीपी सिंह को। रामचन्द्र प्रसाद सिंह 2019 लोकसभा चुनाव में जदयू के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) थे। नीतीश कुमार के बाद उनकी गिनती पार्टी में नंबर–2 नेता की होती थी। 2019 में जदयू संगठन की कमान उन्हीं के पास थी और टिकट बंटवारे से लेकर मुद्दा तय करने में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई। आरसीपी सिंह के कहने पर ही नीतीश कुमार ने बिहार में पहली बार 2019 के चुनाव में किसी मुसलमान को टिकट नहीं दिया।

पार्टी को इसकी सफलता भी मिली और 2019 में 16 सीटों पर जीत दर्ज की। आरसीपी को इसका इनाम भी मिला। उन्हें पहले पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया और फिर केंद्र की मोदी सरकार में मंत्री। हालांकि, मंत्री पद पाने के बाद आरसीपी जदयू की सियासत से अलग–थलग होने लगे। 2022 में जेडीयू ने उन्हें राज्यसभा ही नहीं भेजा, जिसकी वजह से उन्हें मंत्री पद छोड़ना पड़ा। वहीं पार्टी की तरफ से उन्हें जमीन घोटाले की शिकायत को लेकर एक लेटर लिख दिया गया, जिसके बाद आरसीपी जदयू से अलग हो गए। जदयू से अलग होने के बाद आरसीपी बीजेपी में आए। उस वक्त नीतीश राजद के साथ थे, लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश फिर बीजेपी के साथ आ गए। नीतीश के साथ आने के बाद बीजेपी ने आरसीपी को पूरी तरह अलग–थलग कर दिया है। पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में भी आरसीपी को जगह नहीं मिली है। वर्तमान में आरसीपी सिंह नालंदा के अपने पैतृक आवास पर ही रह कर पुराने दिनों को याद कर रहे हैं।

2019 चुनाव में उत्तर भारत के राज्यों में सिर्फ पंजाब में ही कांग्रेस ने बेहतरीन परफॉर्मेंस किया था। उस वक्त पार्टी को पंजाब की 13 में से 8 सीटों पर जीत मिली थी, जो एक रिकॉर्ड था। पंजाब में जीत का सेहरा कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के सिर बंधा था।

वजह– पूरे चुनाव की कमान कैप्टन ने अपने पास ही रखी थी। कैप्टन के कहने पर ही नेताओं को टिकट दिए गए थे। इनमें मनीष तिवारी, परणीत कौर जैसे नेता शामिल थे। हालांकि, 2019 के बाद कांग्रेस में कैप्टन के बुरे दिन शुरू हो गए। 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी ने कैप्टन को साइडलाइन कर दिया। नाराज कैप्टन ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। कैप्टन ने इसके बाद खुद की पार्टी बनाई, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इसके बाद कैप्टन बीजेपी में शामिल हो गए। हालांकि, वहां भी उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं मिली है। कैप्टन वर्तमान में पटियाला स्थित अपने फॉर्म हाउस पर ही रहते हैं। उनकी पत्नी परणीत कौर यहां से बीजेपी की उम्मीदवार हैं। चर्चा है कि कैप्टन अपनी पत्नी के लिए यहां प्रचार कर सकते हैं।

2019 लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने झारखंड की 14 में से 12 सीटों पर जीत हासिल की थी। इतना ही नहीं, सालों बाद बीजेपी ने जेएमएम को उसके गढ़ दुमका में भी उसे मात दी थी। बीजेपी की इस जीत का श्रेय रघुवर दास को मिला। दास उस वक्त झारखंड के मुख्यमंत्री थे और उन्हीं के पास चुनाव की कमान थी। दास ने चुनाव के बीच ही शिबू सोरेन की सीट दुमका में सरना कोड लागू करने की बात कह दी, जिसे उस वक्त आदिवासी समाज ने हाथों–हाथ लिया। चुनाव बाद रघुवर के कद में बढ़ोतरी भी हुई।

लोकसभा चुनाव के ठीक 6 महीने बाद हुए विधानसभा के चुनाव में रघुबर दास को बीजेपी ने फ्री हैंड दिया। उनके कहने पर ही कद्दावर नेता सरयू राय का टिकट तक काटा गया। हालांकि, दास इस चुनाव में न तो खुद को और न ही पार्टी को जीता पाए। इसके बाद रघुवर दास झारखंड की राजनीति से अलग–थलग हो गए। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले दास के चतरा या जमशेदपुर सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा थी, लेकिन दास झारखंड की राजनीति में वापसी नहीं कर पाए। वर्तमान में दास ओडिशा के राज्यपाल हैं और भुवनेश्वर स्थित राजभवन में रह रहे हैं। कभी–कभार झारखंड आते हैं, तो भाजपा नेता उनसे मुलाकात करने की रस्म अदायगी कर लेते हैं।

# लोकतंत्र के अंतर्मन में निर्भय होने का स्वप्न

**प्रफुल्ल कलखोलिया**

आम चुनाव 2024 का पहला चरण 19 अप्रैल को पूरा हुआ। राजनीतिक विश्लेषक और विशेषज्ञ मतदान प्रतिशत में गिरावट और लोकतंत्र के पर्व के प्रति लोगों के उदासीन रुझान की व्याख्या अपने–अपने ढंग से कर रहे हैं। चुनाव संघर्ष के लिए समान अवसर की स्थिति, स्वतंत्र निष्पक्ष निर्भय एवं दबाव से मुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न होने की संभावनाओं का आकलन, राजनीतिक औद्धत्य से बने सामाजिक वातावरण और लोकतांत्रिक संस्कृति की समझ के स्तर पर भी बातचीत की जा रही है।

सभी निष्कर्षों तक पहुंचने और इसका अर्थ हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। आम लोगों के लिए इन निष्कर्षों का निश्चित रूप से महत्व होगा। मीडिया है इन निष्कर्षों का सकारात्मक प्रभाव भी पड़ेगा। मतदान में नागरिक भागीदारी का अनुपात भी बढ़ सकता है। हां, समय पर आम लोगों तक इन निष्कर्षों का पहुंचना भी कोई कम बड़ी चुनौती नहीं है। चुनौतियां तो कई हैं। फिलहाल एक बड़ी चुनौती ह्यभयह्ल को समझने की कोशिश करना यहां अप्रासंगिक नहीं होना चाहिए।

मनुष्य की कुछ मौलिक वृत्तियां हैं। मौलिक वृत्तियों का पूर्ण निषेध नहीं हो सकता है। इन वृत्तियों में कुछ वृत्तियां सकारात्मक होती हैं और कुछ वृत्तियां नकारात्मक मानी जाती हैं। मानी जाती हैं कहने का आशय यह है कि कोई भी मौलिक वृत्ति पूरी तरह से नकारात्मक या सकारात्मक नहीं होती है। इन का नकारात्मक या सकारात्मक होना परिस्थितियों पर निर्भर करता है। निर्भय का अर्थ भय–शून्यता या भय हीनता नहीं होता है, न व्यक्ति के संदर्भ में और न ही समाज के संदर्भ में। किस सामान्य मनुष्य के मन में किसी तरह के भय का बिल्कुल न होना भी नकारात्मक है। ध्यान देने की बात है कि हर समय मन में किसी–न–किसी भय का हमेशा सक्रिय रहना भी खतरनाक होता है। मन के ह्यभय–ग्रस्तह्ल रहने की स्थिति भी नकारात्मक ही होती है।समाज के निर्भय होने का स्वप्न अभी तक स्वप्न ही है। यथार्थ की जमीन से दस अंगुली ऊपर ही रहता है निर्भय होने का स्वप्न। लोकतंत्र के यथार्थ में निर्भय के स्वप्न के समावेश और कुछ लोग जो सत्ता के साथ अपनी कट्टर स्पष्टता से हैं, उन के मन में विधि, विधान, संविधान का कहीं कोई भय नहीं है। सत्ता के साथ कट्टर स्पष्टता से होने का मतलब है, कोई सवाल नहीं, किसी तरह का कोई सवाल नहीं। जिस को जो मिलेगा, अधिकार से नहीं कृपा से मिलेगा। उसी को मिलेगा जिस पर कृपा होगी, उतना ही मिलेगा जितनी कृपा होगी। इसे और स्पष्टता से समझने के लिए एक प्रसंग। पूजा करते समय पुरोहित, इदम चंदनम कहते हुए वह भगवान को कुछ भी अर्पित करता है तो, भगवान और जजमान दोनों को यही मानना होता है कि वह चंदन है। अगर पुरोहित कहे इदम पुष्पम तो फिर ।गवान और जजमान दोनों को ही उसी वस्तु को पुष्प मान लेना होता है।तो शक्ति किस के हाथ हुई! सत्य निर्धारण की शक्ति! न भगवान के हाथ, न जजमान के हाथ! सत्य निर्धारण की शक्ति होती है पुरोहित के हाथ। ह्यपुरोहितह्ल में सब लीन, जजमान भी, भगवान भी, राष्ट्र भी, संविधान भी! भारत के लोकतंत्र में सत्ता का पुरोहित कौन होता है या कौन है, यह कहने की जरूरत नहीं है। इतना ही कहा जा सकता है कि पुरोहित ने राष्ट्र को भगवान और नागरिक को जजमान बना दिया है! दम कह कर ह्यपुरोहित जो भी थमा दे, उसे वही मान लेना होगा, राष्ट्र को भी नागरिक को भी।

महात्मा बुद्ध ने दुख का कारण बताया था, वह अपनी जगह तरह–तरह से सत्य था और है। अभी के भारत में संविधान और लोकतंत्र के रहते दुख का एक बड़ा कारण है, सिर उठाकर चलने की कोशिश। सुख–सागर में गोता लगाने का उपाय है करुण कंठ से क्रुद्ध स्वर में जयजय करना या फिर दुम दबाकर कदमों में दुबकने की कला में पारंगत होना! जय क्या होता है! महाभारत के अनुसार सभी ह्यआर्ष ग्रंथोंह्ल की संज्ञा ह्यजयह्ल है। सत्य क्या है! सत्य के निर्धारण की शक्ति ह्यपुरोहितह्ल के हाथ है, इसे चुनौती नहीं दी सकती है। चुनौती देने पर कोई दाभोलकर हो जा सकता है, फादर स्टेन स्वामी, शुभकरण सिंह, रोहित वेमुला कुछ भी हो जा सकता है; गौरी लंकेश हो जा सकती है, साक्षी मलिक हो जा सकती है।अधिकार और हक की बात करनेवालों को चाहे वह सत्ता के द्वारा जंगलों में धकेल दिया गया कोई समूह हो, या ऑलंपिक का मैडल जीतकर देश का मान बढ़ाने के कारण सत्ता के द्वारा सम्मानित किया गया हो, राजकीय अंधविश्वास और असत्य का भेद खोलनेवाला कोई भी हो, अन्न उपज की जायज कीमत की मांग करनेवाला किसान हो सब की एक ही दुर्गति है। संविधान है, लोकतंत्र है, इतनी बड़ी संख्या में न्याय पुरुष हैं। सब अपनी जगह सही हैं।

# कोविड वैक्सीन : स्वास्थ्य व्यवस्था का राजनीतिकरण

**अशोक शर्मा**

लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को हम हमेशा राजनैतिक उदासीनता से जोड़ कर देखते आ रहे हैं। यह भी सच है क्योंकि स्वास्थ्य कभी एक राजनैतिक मुद्दा बना नहीं। लेकिन कोविड वैक्सीन को लेकर जिस तरह दोनों तरफ से राजनैतिक लाभ लेने की कोशिश हुई है वो एक खराब परिपाटी की शुरुआत है। वैक्सीन को लेकर जिस तरीके से शुरुआत से लेकर अभी तक विवाद होता आ रहा है वो एक देश के तौर पर हमारी अपरिपक्वता को दर्शाता है।कोई भी वैक्सीन बनती है तो वो कई सालों के दौर के रिसर्च के बाद लोगों के बीच पहुंचती है। लेकिन कोविड के दौरान वो महामारी इतनी बड़ी थी कि उसका समय नहीं मिला। आपके जितने भी सवाल हैं वैक्सीन को लेकर, यक़ीन मानिए कि उसमें से किसी सवाल का निश्चित जवाब नहीं है अभी। और कोई अभी दे भी नहीं सकता। जैसे–जैसे रिसर्च आगे बढ़ेगी इसे लेकर चीजें और बेहतर समझ में आयेंगी। आप अभी जितनी भी चीजें वैक्सीन के पक्ष या विरोध में अभी सुन रहे हैं वो सारी चीजें अभी कसौटी पर खरी नहीं उतरी हैं। ये भी हो सकता है कि कार्डियेक अरेस्ट या अन्य समस्याएं आ रही हैं वो वैक्सीन की वजह से ना हो कर कोविड बीमारी के कारण हो रही हो। तो किसी भी निष्कर्ष पर अभी आने से बचें।

### हम वैश्विक महामारी के भयानक दौर से गुजरे हैं

वैक्सीन को लेकर जो भयभीत हैं वो इस बात को समझें कि हम वैश्विक महामारी के भयानक दौर से गुजरे हैं। ईश्वर को धन्यवाद दें आप और हम उस त्रासदी के दौर से निकल कर जिन्दा हैं। आप अगर ये सोच कर डर रहे हैं कि वैक्सीन ले ली तो क्या होगा, तो ये भी सोचिये कि अगर वैक्सीन न ली होती तो आज शायद जीवित नहीं भी रह सकते थे। क्या साइड इफ़ेक्ट है, कब तक रहेगा और क्या निदान है ये वैज्ञानिक वर्ग तय करेगा और जल्द करेगा। अगर आपको किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या नहीं आ रही है तो अकारण घबराने जैसी कोई बात नहीं। अगर किसी प्रकार की शारीरिक समस्या है तो बस उसे नजरअंदाज ना करें, डॉक्टर से मिलें। शंका और संशय के माहौल से निकलें। अभी के हालात में ये जरूरी है कि एम्स सरीखे संस्थान के निदेशक को सरकार नामित करे कि वो आयें और देश को संबोधित कर उन्हें भरोसा दें कि सब ठीक होगा।

# दिव्या खोसला कुमार की फिल्म यारियां 2 ने ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर दी दस्तक



दिव्या खोसला कुमार की फिल्म यारियां 2 को बीते साल 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 2.10 करोड़ रुपये जुटाए थे।अब यारियां 2 ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर दस्तक दे चुकी है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।

यारियां 2 का निर्देशन राधिका राव ने विनय सप्रू के साथ मिलकर किया है। फिल्म में मीजान जाफरी, यश दासगुप्ता, अनास्वरा राजन, वरीना हुसैन, प्रिया प्रकाश वरियर और पर्ल वी पुरी जैसे सितारे भी हैं।यारियां 2 साल 2014 में आई फिल्म यारियां की दूसरी किस्त है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 40.14 करोड़ रुपये कमाए थे।यारियां 2 की कहानी 3 भाई–बहन की दोस्ती पर आधारित है, जो अपने माता–पिता के सपनों को पूरा करने के लिए साथ आते हैं।यारियां 2 की बात करें तो ये तीन कजिन्स की कहानी है जो अपनी–अपनी लाइफ में किसी ना किसी वजह से परेशान होते हैं और एक–दूसरे की परेशानी दूर करने के लिए तीनों साथ आते हैं. ये ही सब इमोशनल ड्रामा फिल्म में दिखाया गया है.मालूम हो कि 2014 में आई यारियां ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 40 करोड़ का कारोबार किया था,

## फिल्म अग्नि का फर्स्ट पोस्टर रिलीज, प्रतीक–दिव्येंदु की जोड़ी धमाल मचाने को तैयार

रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने अपनी अपकमिंग फिल्म अग्नि का फर्स्ट पोस्टर रिलीज किया. इस स्पेशल पोस्टर की थीम से पता चलता है कि इसमें फायर फाइटर्स की एक ब्रेव स्टोरी दिखाई जाएगी. फिल्म में प्रतीक गांधी, दिव्येंदु, जितेंद्र जोशी, सई ताम्हणकर, सैयामी खेर, उदित अरोड़ा और कबीर शाह जैसे कलाकार शामिल हैं. राहुल ढोलकिया द्वारा निर्देशित अग्नि एक खास कहानी होने का दावा करती है जिसमें उन रियल हीरोज की कहानी दिखाई जाएगी जो अपनी जान पर खेलकर लोगों की जान बचाते हैं.

अग्नि के इस पोस्टर में प्रतीक गांधी को धांसू लुक में देखा जा सकता है. इस पोस्टर ने फैंस के बीच एक्साइटमेंट बढ़ा दी है, साथ ही साहस, सम्मान और बलिदान का एक पावरफुल मैसेज भी गूंजता है.

# केएल राहुल के भविष्य को खतरा! अगले साल आईपीएल से जुड़ी मिली बहुत बड़ी अपडेट

नई दिल्लीः सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध बुधवार को करारी हार के बाद लखनऊ सुपरजायंट्स आइपीएल प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है।

अगले दोनों मैच अगर यह टीम जीतती है तो उसके प्लेआफ में पहुंचने के कुछ मौके होंगे। हैदराबाद के विरुद्ध हार के बाद लखनऊ फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका का राहुल के साथ वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह कप्तान के साथ कुछ बात करते दिखाई दे रहे हैं।

इसके बाद इस तरह की अटकलें लगी कि राहुल और लखनऊ में सबकुछ सही नहीं है लेकिन एलएसजी के प्रबंधन ने कहा कि ये सब अटकलें बेकार हैं। राहुल अगले दोनों मैच में उतरेंगे। वर्ष 2022 में एलएसजी ने राहुल को रिकार्ड 17 करोड़ रुपये में खरीदकर अपना कप्तान बनाया था।



### अगले साल खेलने पर संकट

इस साल एलएसजी का प्रदर्शन काफी खराब रहा है। वर्तमान सत्र के बाद बड़ी नीलामी होगी। इसमें हो सकता है कि एलएसजी राहुल को रिटेन न करे हालांकि प्रबंधन का कहना है कि वह राहुल को अपने साथ जोड़े रखेंगे। मालूम हो कि राहुल के 33 गेंदों पर 29 रनों की बदौलत एलएसजी ने 20 ओवर में 165 रन बनाए थे। सनराइजर्स हैदराबाद ने ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की तूफानी बल्लेबाजी के कारण टीम ने 9.4 ओवर में 167 रन बनाकर जीत हासिल कर ली थी।

### संजीव गोयनका निशाने पर

मैच के बाद संजीव गोयनका का राहुल पर गुस्सा करते हुए का वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो के पास संजीव गोयनका फैंस के निशाने पर आ गए हैं। सोशल मीडिया पर फैंस जमकर लखनऊटीम के मालिक की लताड़ लगा रहे हैं और उनके क्रिकेट ज्ञान पर भी सवाल उठा रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि संजीव गोयनका ने जो किया वो उन्हें सरेआम नहीं करना चाहिए था, वो चाहते तो बंद कमरे में राहुल के सामने अपनी नाराजगी जाहिर कर सकते थे।

# द फैमिली मैन सीजन 3 की शुरू हुई शूटिंग,फिर धूम मचाने को तैयार मनोज बाजपेयी

मनोज बाजपेयी की मोस्ट पॉपुलर सीरीज द फैमिली मैन सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली सीरीज में से एक है। वहीं दूसरे सीजन के लिए रिन्यू की गई इस सीरीज की स्टार कास्ट को बहुत प्यार मिला है और दर्शक इसके तीसरे पार्ट का लंबे समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे थे जो की अब खत्म हो चुका है। प्राइम वीडियो ने द फैमिली मैन 3 की शूटिंग को लेकर अपडेट शेयर कर दी है। इस सीरीज का तीसरा सीजन जल्द ही रिलीज होने वाला है। डायनेमिक जोड़ी राज और डीके की द फैमिली मैन 3 से एक बार फिर मनोज बाजपेयी श्रीकांत तिवारी बन धमाका करने को तैयार हैं।



मनोज बाजपेयी ने आखिरकार फैमिली मैन 3 की शूटिंग शुरू कर दी है। प्राइम वीडियो ने सोशल मीडिया पर तीसरे सीजन की शूटिंग शुरू होने की घोषणा करते हुए स्टार कास्ट की तस्वीर भी शेयर की है। अपकमिंग सीरीज को राज और डीके की जोड़ी ने अपने बैनर डी2आर फिल्म्स के तहत बनाया है। मनोज बाजपेयी एक बार फिर श्रीकांत तिवारी के दमदार किरदार में नजर आने वाले हैं। अभी तक इसकी रिलीज डेट को लेकर कोई भी अपडेट सामने नहीं आई है। फैमिली मैन के दोनों सीजन के हिट होने के बाद अब इसका तीसरा सीजन भी जल्द ही रिलीज होने वाला है।

# राधा यादव ने लिखी जीत की इबारत, भारत ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में बांग्लादेश का किया सूपड़ा साफ

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को पांचवें टी20 मैच में 21 रन से हराकर पांच मैचों की टी20क सीरीज 5–0 से अपने नाम की। सिलहट में खेले गए मैच में भारतीय टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 156 का स्कोर खड़ा किया।

इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम के बैटर्स का प्रदर्शन खराब रहा और पूरी टीम 135/6 रन ही बना सकी। इसके जवाब में मेजबान टीम के बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया और पूरी टीम 135/6 का स्कोर ही बना सकी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ टॉस जीतकर पांचवें टी20 मैच में पहले बैटिंग का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए भारतीय महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही थी, जब 14 रन के स्कोर पर




शेफाली वर्मा के रूप में भारत ने अपना पहला विकेट गंवा दिया था। स्मृति मंधाना और हेमालथा के बीच अर्धशतकीय साझेदारी बनी, जिसने टीम की पारी को संभाला। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 24 गेंदों में 30 रन बनाए। ऋचा घोष ने 17 गेंदों पर नाबाद 28 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश क्रिकेट टीम निर्धारित 20 ओवर में 135/6 रन ही बना सकी। बांग्लादेश महिला टीम की तरफ से रितु मोनी के बल्ले से सबसे ज्यादा (37) रन निकले। उनके अलावा शोरिफा ने नाबाद 28 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सका। भारत की तरफ से राधा यादव ने गेंद से कहर बरपाते हुए 3 विकेट झटके। उनके अलावा आशा शोभना ने अपने 4 ओवर में दो विकेट चटकाए।

# 78 राउंड में होगी 945 बूथों की मतगणना

## जिलाधिकारी ने ली मतगणना तैयारी बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ मतगणना तैयारियों के संबंध में बैठक की। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर बिना पास के अनुमति नहीं दी जायेगी। डीएम ने कहा कि सभी विधानसभाओं की ईवीएम मतगणना 76 टेबलों में 78 राउंड में की जायेगी। जिसमें विधानसभा यमकेश्वर की 12 टेबलों में 15 राउंड, पौड़ी 14 टेबलों में 12 राउंड, श्रीनगर की 14 टेबलों में 13 राउंड, चौबट्टाखाल विधानसभा की 12 टेबलों पर 14 राउंड में की जायेगी। जबकि विधानसभा लैंसडौन की 14 टेबलों में 10 राउंड और कोटद्वार विधानसभा की 10 टेबलों में 14 राउंड में ईवीएम की मतगणना की जायेगी।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को कहा कि मतगणना दिवस पर अधिकृत एजेंटो का पास निर्वाचन कार्यालय से बनाये जायेंगे। कहा कि पार्टी द्वारा मतगणना के लिए जो अधिकृत एजेंट नियुक्त किये जायेंगे उसकी सूची उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना स्थल राजकीय इंटर कॉलेज पौड़ी नगर में ईवीएम की मतगणना हर विधानसभा की अलग-अलग कक्ष में की जायेगी तथा ईटीपीबीएस व पोस्टल बैलेट की गणना जीआईसी के हॉल में की जायेगी। कहा कि मतगणना के लिए अधिकृत एजेंटों के लिए फॉर्म-18 भरना अनिवार्य है। उन्होंने पार्टी प्रतिनिधियों को कहा कि फॉर्म-18 भरकर एक जून तक जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करायें, जिससे एजेंटों की नियुक्ति मतगणना में की जा सकेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, सीओ पुलिस अनुज कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री, सहायक निर्वाचन अधिकारी शांति लाल शाह, मत्स्य अधिकारी अभिषेक मिश्रा, बीडीओ दृष्टि आनंद व राजनैतिक दलों से जगत किशोर बड़थ्वाल, संजय बलूनी, संजय रावत, शशि रतूड़ी, विनोद नेगी, शिव सिंह, देवानंद नौटियाल, त्रिलोक सिंह रावत, जसपाल सिंह नेगी सहित अन्य उपस्थित थे।



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में मतगणना को लेकर जानकारी देते हुए।

# छात्र जंगलों को आग से बचाने के लिए जागरूक करें



**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : राजकीय इंटर कॉलेज जयहरीखाल से शुरू हुई जन जागरूकता रैली ब्लॉक कार्यालय होते हुए वापस स्कूल पहुंची। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने सौगंध खाएंगे वनों को आग से बचाएंगे, वन हमारी राष्ट्रीय संपदा जैसे नारे लिखी तख्तियां हाथों में ली हुई थी।

रैली के बाद आयोजित गोष्ठी में वनाग्नि रोकथाम और सुरक्षा को लेकर छात्र-छात्रों ने शपथ भी ली। गोष्ठी में डीएफओ स्पर्श काला ने छात्र-छात्राओं से कहा कि अपने आस-पास में लोगों को जंगलों को बचाने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि वन हमारी अमूल्य धरोहर है, वही हमारी आर्थिक के भी मजबूत स्तंभ है जिसे आग से बचाना और सुरक्षा देना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर राइका जयहरीखाल के पीटीए अध्यक्ष गंगा सिंह नेगी, प्रभारी प्रधानाचार्य अशोक कुमार, एनसीसी अधिकारी जगदीप कुमार सहित वन विभाग से डीएफओ स्पर्श काला, रेंजर बीडी जोशी, वन दरोगा हरक सिंह, हंस फाउंडेशन से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संजय बजवाल, सीडीएस सतीश बहुगुणा, संदीप किरण, रेखा और सुनील बहुगुणा सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## फरार आरोपी को यूपी से किया गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** कोतवाली पुलिस ने लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपी को जेवर, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अभियोग में शामिल 3 शातिर आरोपियों को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है।कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार वादी शिवानी डबराल, निवासी चमोली कॉलोनी, गाड़ीघाट कोटद्वार ने 20 जनवरी 2024 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा एटीएम बदलकर धोखाधड़ी करते हुए उनके खाते से 10,000 रुपये की धनराशि निकालने संबधी रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की तफ्तीश करते हुए पुलिस ने मामले में शामिल 3 आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं उक्त अभियोग में वांछित आरोपी विपिन अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गठित पुलिस टीम ने अथक प्रयास कर आरोपी विपिन पुत्र जीतपाल सिंह को ग्राम भबोकरा, थाना जेवर, जिला गौतम बुद्धनगर, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# लोगों को सता रही वर्षाकाल के दौरान जल भराव की चिंता

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नगर निगम के वार्ड नंबर 13 के अंतर्गत सुमन मार्ग के लोगों को इस साल भी वर्षाकाल के दौरान जल भराव की चिंता सता रही है। वार्ड वासियों का कहना है कि जलभराव की समस्या का निस्तारण न होने पर वर्षाकाल में मोहल्ले में पानी भरने की पूर्ण संभावना है। वार्ड वासियों ने नगर निगम से बरसात से पूर्व समस्या का निराकरण करने की मांग की है। इस संबध में गुरुवार को वार्ड वासियों ने स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि मोहल्ला आर्मी कैंप की सुरक्षा दीवार से घिरा हुआ है। सुरक्षा दीवार के कारण उक्त क्षेत्र में पानी जमा हो जाता है, जो रिसकर मोहल्ले की ओर आ जाता है। वहीं मोहल्ले में जल निकासी के भी उचित प्रबंध नहीं हैं। पिछली बरसात में पूरा मोहल्ला जलमग्न हो गया था। इस कारण लोगों का घेरलू सामान भी खराब हो गया था। ज्ञापन में नगर आयुक्त से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर समस्या का समाधान करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में सुरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, पवन कुमार, रेखा देवी, वचन सिंह और बबीता देवी आदि शामिल थे।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-नीलामी**

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 01 एस.एल.आर: **18478 (F-I)** के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई-नीलामी के तहत **दिनांक 24.05.2024 (Timings: 10:00 am)** को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

1410/24

सहा. वाणिज्य प्रबंधक-II
उ.रे., मुरादाबाद

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## साइबर ठगों से सतर्क रहने की जरूरत

**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली :** हमें सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। साइबर अपराधी अपराध करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। आमजन जागरूकता से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बच सकते हैं। बढ़ते साइबर अपराध को लेकर अब पुलिस की ओर से भी लोगों से सावधान रहने की अपील की जा रही है। सतपुली पुलिस ने गुरुवार को हंस सनराइज चिल्ड्रन एकेडमी में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव को लेकर जागरूक किया। साथ ही वनाग्नि से संबंधित जानकारियां भी दी। स्कूल में एएसआई सोहन लाल ने बताया कि साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर आम जनता की मेहनत की कमाई को हड़प रहे हैं। कहा कि साइबर ठगों से सतर्क रहने की जरूरत है। यदि कोई साइबर ठगी का शिकार हो जाता है तो तत्काल टोल फ्री नंबर 1930 के साथ ही अपने नजदीकी पुलिस थाने को इसकी सूचना दी जाए। इस दौरान वनाग्नि की घटना के संबंध में भी छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि गांव-कस्बे में जाकर आमजन को भी जागरूक किया जाए।

## दस दिवसीय रामकथा शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : शहर के हनुमान मंदिर में गुरुवार से दस दिवसीय राम कथा शुरू हो गई है। समर्थ नारी समर्थ भारत संगठन की प्रदेश प्रभारी कुसुम चमोली ने बताया कि बीते बुधवार को नागदेव मंदिर से पूजा अर्चना के साथ राम कथा की पोथी हनुमान मंदिर के व्यास पीठ तक लाई गई। कथा का उद्देश्य जंगल की आग में मारे गए निरीह पशुओं की आत्मा की शांति की प्रार्थना करना है। कहा कि हर वर्ष महिला संगठनों की ओर से आयोजित होती चली आ रही राम कथा में इस वर्ष अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद भक्तों में और उत्साह है।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मनीष मेरे कहने सुनने में नहीं है। मैं अपने पुत्र मनीष को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से वेदखल कर रहा हूं। मेरा पुत्र कोई भी अवैध कार्य करता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी मेरे पुत्र मनीष की होगी।

**गोपी चन्द बुड़ाकोटी पुत्र स्व. रामानन्द बुड़ाकोटी निवासी पापडी, पटटी पेनो, तहसील रिखणीखाल, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0147/21)

### Name change

It is to inform all that I have changed my name from Deendayal Bhadri to Deepak Bhadri. In future I shall be known as Deepak Bhadri s/o Late Sachhidanand Bhadri. Address: Vill- Durgapur, PO-Nimbuchaur, Tehsil- Kotdwar Uttarakhand-246146

(0148/21)




# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।

# उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग

पत्रांकः- 1782/18ए0सी0 दिनांकः- 08/05/2024

## अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दि0 24/05/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 14/05/2024 से 23/05/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 24/05/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं :

1. अधीक्षण अभियन्ता, 12वॉ वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा। 3. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन। 4. अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | दैवीय आपदा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत विकास खण्ड यमकेश्वर के मुख्यालय धारकोट के समीपवर्ती मार्गो को यातायात खोलने हेतु supply of excavator com back hoe loader tyer mounted जैसे जे0सी0बी0, टाटा एल0 एण्ड टी0/स्लिप सफाई मशीन द्वारा स्लिप सफाई का कार्य। (मशीन का मुख्यालय-धारकोट) | 15,000.00 | 5000.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 2 | दैवीय आपदा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत विकास खण्ड यमकेश्वर के मुख्यालय पौखाल के समीपवर्ती मार्गो को यातायात खोलने हेतु supply of excavator com back hoe loader tyer mounted जैसे जे0सी0बी0, टाटा एल0एण्डटी0/स्लिप सफाई मशीन द्वारा स्लिप सफाई का कार्य। (मशीन का मुख्यालय-पौखाल) | 36,000.00 | 1,500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 3 | दैवीय आपदा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत विकास खण्ड दुगड्डा के मुख्यालय दुगड्डा के समीपवर्ती मार्गो को यातायात खोलने हेतु supply of excavator com back hoe loader tyer mounted जैसे जे0सी0बी0, टाटा एल0एण्डटी0/स्लिप सफाई मशीन द्वारा स्लिप सफाई का कार्य। (मशीन का मुख्यालय-दुगड्डा) | 24,000.00 | 1,500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 4 | दैवीय आपदा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत विकास खण्ड दुगड्डा के मुख्यालय रामणी के समीपवर्ती मार्गो को यातायात खोलने हेतु supply of excavator com back hoe loader tyer mounted जैसे जे0सी0बी0, टाटा एल0एण्डटी0/स्लिप सफाई मशीन द्वारा स्लिप सफाई का कार्य। (मशीन का मुख्यालय-रामणी) | 15,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 5 | दैवीय आपदा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत विकास खण्ड द्वारीखाल के मुख्यालय घट्टूगाड के समीपवर्ती मार्गो को यातायात खोलने हेतु supply of excavator com back hoe loader tyer mounted जैसे जे0सी0बी0, टाटा एल0एण्डटी0/स्लिप सफाई मशीन द्वारा स्लिप सफाई का कार्य। (मशीन का मुख्यालय-घट्टूगाड) | 15,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 6 | दैवीय आपदा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत विकास खण्ड द्वारीखाल के मुख्यालय डाडामण्डी के समीपवर्ती मार्गो को यातायात खोलने हेतु supply of excavator com back hoe loader tyer mounted जैसे जे0सी0बी0, टाटा एल0एण्डटी0/स्लिप सफाई मशीन द्वारा स्लिप सफाई का कार्य। (मशीन का मुख्यालय-डाडामण्डी ) | 15,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 7 | दैवीय आपदा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत विकास खण्ड द्वारीखाल के मुख्यालय लक्ष्मणझूला के समीपवर्ती मार्गो को यातायात खोलने हेतु supply of excavator com back hoe loader tyer mounted जैसे जे0सी0बी0, टाटा एल0एण्डटी0/स्लिप सफाई मशीन द्वारा स्लिप सफाई का कार्य। (मशीन का मुख्यालय-लक्ष्मणझूला) | 24,000.00 | 1,000.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 8 | दैवीय आपदा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत विकास खण्ड द्वारीखाल के मुख्यालय काण्डी के समीपवर्ती मार्गो को यातायात खोलने हेतु supply of excavator com back hoe loader tyer mounted जैसे जे0सी0बी0, टाटा एल0एण्डटी0/स्लिप सफाई मशीन द्वारा स्लिप सफाई का कार्य। (मशीन का मुख्यालय-काण्डी ) | 15,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 9 | दैवीय आपदा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत विकास खण्ड द्वारीखाल के मुख्यालय रथुवाढाब के समीपवर्ती मार्गो को यातायात खोलने हेतु supply of excavator com back hoe loader tyer mounted जैसे जे0सी0बी0, टाटा एल0एण्डटी0/स्लिप सफाई मशीन द्वारा स्लिप सफाई का कार्य। (मशीन का मुख्यालय-रथुवाढाब ) | 15,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 10 | दैवीय आपदा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत विकास खण्ड द्वारीखाल के मुख्यालय बसड़ा के समीपवर्ती मार्गो को यातायात खोलने हेतु supply of excavator com back hoe loader tyer mounted जैसे जे0सी0बी0, टाटा एल0एण्डटी0/स्लिप सफाई मशीन द्वारा स्लिप सफाई का कार्य। (मशीन का मुख्यालय-बसड़ा) | 24,000.00 | 1,000.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 11 | दैवीय आपदा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत विकास खण्ड द्वारीखाल के मुख्यालय कोटद्वार (ग्रास्टंनगंज, रतनपुर, लालपानी, सनेह के आंतरिक मार्गों हेतु) के समीपवर्ती मार्गो को यातायात खोलने हेतु supply of excavator com back hoe loader tyer mounted जैसे जे0सी0बी0, टाटा एल0एण्डटी0/स्लिप सफाई मशीन द्वारा स्लिप सफाई का कार्य। (मशीन का मुख्यालय-कोटद्वार) | 10,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 04 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |

निविदायें दि0 25/05/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0**
**दुगड्डा (गढ़वाल)**

(0149/57)

## एक नजर

### ऋषिकेश में हाईकोर्ट बेंच के आदेश का किया स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बार एसोसिएशन कोटद्वार ने आईडीपीएल ऋषिकेश में हाईकोर्ट की बेंच खुलने के आदेश का स्वागत किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता अरूण कुमार भट्ट ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार व माननीय उच्च न्यायालय को अतिशीघ्र इस प्रस्ताव पर जनहित में सार्थक निर्णय लेना चाहिए।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय पंत ने कहा कि आईडीपीएल ऋषिकेश में हाईकोर्ट की बेंच खुलने से वादकारियों को सस्ता एवं सुलभ न्याय मिल सकेगा। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता अरूण कुमार भट्ट ने आईडीपीएल ऋषिकेश में हाईकोर्ट की बेंच खुलने के प्रस्ताव का स्वागत किया। कहा कि आईडीपीएल ऋषिकेश में सैकड़ों एकड़ भूमि दवाई निर्माण बंद होने से खाली पड़ी है तथा कुछ भवन पूर्व से ही निर्मित है। ऋषिकेश में हाईकोर्ट की स्थापना में अन्य जगहों के स्थान पर बहुत कम खर्च आयेगा। ऋषिकेश में रेलवे की काफी सुविधा है तथा सड़क मार्ग से भी जल्दी पहुंचा जा सकता है।

### बीना चौधरी बनी प्रदेश महामंत्री

श्रीनगर गढ़वाल : समर्थ मां समर्थ भारत की राष्ट्रीय अध्यक्ष नम्रता तिवारी ने बीना चौधरी को उत्तराखंड प्रदेश महामंत्री पद की जिम्मेदारी दी है। नम्रता तिवारी ने कहा कि संगठन पूरे देश में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। समाजसेवी बीना चौधरी ने कहा कि संगठन महिलाओं के लिए आरक्षण,आर्थिकी ,सामाजिक व राजनीतिक लड़ाई लड़ेगा। (एजेंसी)

### डीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण, बच्चों से पूछे सवाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी ने कल्जीखाल ब्लॉक के कई स्कूलों का निरीक्षण किया। इस मौके पर डीईओ ने 6 से लेकर 12वीं तक के बच्चों से गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और हिन्दी के विषय पर सवाल जवाब किए। साथ ही सामान्य ज्ञान से जुड़ी प्रश्नोत्तरी भी की।

गुरुवार को डीईओ माध्यमिक ने कल्जीखाल ब्लॉक के राजकीय उच्चतर माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय नौडियाल गांव, प्राथमिक विद्यालय नं.1 थापली, जीआईसी मैटाकुंड, जीआईसी कांडा आदि स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी स्कूलों में व्यवस्थाएं ठीक मिली। उन्होंने शिक्षकों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के निर्देश दिए।

### गो सेवा के लिए आगे आए लोग : मणिमहेश महाराज

श्रीनगर गढ़वाल : विश्व अखाड़ा परिषद के गो रक्षा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष थानापति मणिमहेश महाराज ने बीते बुधवार को लक्ष्मी नारायण मंदिर श्रीनगर पहुंचकर दर्शन किए। लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंचने पर लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। मणिमहेश महाराज ने लोगों से गोरक्षा को लेकर वार्ता की। उन्होंने कहा कि गो माता की सेवा में सभी व्यक्तियों का योगदान होना चाहिए तभी हम समाज में गो माता के लिए कुछ कर पाएंगे। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों को गो सेवा के लिए आगे आने की अपील की। मौके पर मुकेश चमोली, पूर्व सभासद विजय लक्ष्मी चमोली, प्रदीप नयाल, हरीश बर्त्वाल, अरविंद बिष्ट, कमल उनियाल मौजूद रहे। (एजेंसी)

### यात्रियों को सजग करने को लगाए साइन बोर्ड

नई टिहरी। शुक्रवार से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा के मध्यनजर टिहरी पुलिस ने यात्रियों को जागरूक करने के लिए ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे पर देवप्रयाग से कौड़ियाला तक साइन बोर्ड लगाकर लोगों को जागरूक होकर यात्रा करने की अपील शुरू की है। देवप्रयाग के थानाध्यक्ष महिपाल सिंह रावत ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर यात्रियों को जागरूक करने के उद्देश्य से ऋषिकेश–बद्रीनाथ हाईवे पर कोड़ियाला से देवप्रयाग के बीच विभिन्न स्थानों पर साइन बोर्ड स्थापित किए गए हैं। बताया कि देवप्रयाग के कोड़ियाला से पंत गांव के बीच का हाईवे पर करीब 25 किमी क्षेत्र में सड़क दुर्घटना की दृष्टि से अतिसंवेदनशील है।

यहां पर लगातार सड़क दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। चारधाम यात्रा के दौरान सड़क दुर्घटनाएं न हो इसके लिए पुलिस जागरूकता अभियान चला रही है।

### अगस्त्यमुनि में महिलाओं का रामलीला मंचन 21 से

रुद्रप्रयाग। हिमालय वीरांगना संस्था के सहयोग में महिला श्री रामलीला समिति द्वारा अगस्त्यमुनि में भव्य रामलीला का आयोजन किया जाएगा।

# डीएम ने बदरीनाथ हाईवे का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं



चमोली। चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन ने यात्रा शुरू होने से पूर्व तैयारियां तेज कर दी हैं। चारधाम यात्रा तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरुवार को बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चमोली से जनपद की प्रवेश सीमा कमेड़ा तक हाईवे का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। डीएम ने एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर बाजपुर में हाईवे किनारे सुरक्षा के लिए क्रैश बैरियर लगाए जाए। मैठाणा में सड़क चौड़ीकरण कार्यों को तेजी से पूरा करें।

मैठाणा, नंदप्रयाग, कमेड़ा और अन्य भूस्खलन जोन के आसपास मलबे का शीघ्र निस्तारण करते हुए ब्लैकटॉप किया जाए। हाईवे पर करवटों की साफ–सफाई और सुरक्षा के दृष्टिगत से साइनबोर्ड लगाएं। जल संस्थान को यात्रा मार्ग पर स्थापित वाटर एटीएम, हैंडपंप एवं टीटीएसपी पर शुद्ध पेयजल आपूर्ति को सुचारू रखने के निर्देश भी जिला अधिकारी ने दिये। गौचर में चारधाम यात्रा रजिस्ट्रेशन काउंटर और स्वास्थ्य जांच केंद्र का निरीक्षण करते हुए डीएम ने चेकपोस्ट पर तीर्थ यात्रियों के पंजीकरण के साथ यात्रियों के लिए पेयजल, शौचालय एवं अन्य सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम चमोली एसके पांडेय, एसडीएम कर्णप्रयाग आरके पांडेय, एनएचआईडीसीएल के डीजीएम सुशील कुमार, सीएमओ डॉ.राजीव शर्मा, सीओ पुलिस प्रमोद शाह, जल संस्थान के ईई एसके श्रीवास्तव सहित यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

### पिंडर नदी में जमे मलबे को हटाया जाए

चमोली। थराली मुख्य बाजार में पिंडर नदी को चैनलाइज करने की मांग को लेकर थराली व्यापार मंडल, प्रबुद्ध नागरिक संगठन ने गुरुवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि बीते साल बरसात के समय आपदा में थराली मुख्य बाजार में पिंडर नदी के बीचों– बीच मलबा जमा हो गया था, उसका चैनेलाइजेशन किया जाना आवश्यक है।

उपजिलाधिकारी थराली अबरार अहमद ने बताया कि स्थानीय नागरिकों की मांग पर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता राजकुमार चौधरी को भी वार्ता में बुलाया गया। व्यापारियों के साथ पिंडर नदी का जायजा भी लिया गया। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता का कहना है कि इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र भेजा है, लगभग 34 लाख की कार्य योजना बनाई है। बरसात से पहले कार्य पूरा करा लिया जाएगा।

# छः दिवसीय बाल रंग यात्रा का हुआ समापन

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के लोक कला संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित 6 दिवसीय बाल रंग यात्रा का गुरुवार को समापन हुआ। मार्शल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शरद जोशी द्वारा लिखित एक था गधा उर्फ अलादाद खां नाटक का मंचन किया। नाटक के माध्यम से सियासत की सनक और व्यवस्था के पाखंड को दर्शाया गया। नाटक का निर्देशन रंगमंच विभाग के फैकल्टी मेंबर विकेश बाजपेयी ने किया।

बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के उपकुलसचिव जितेंद्र डिमरी और नगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्रों में रंगमंच की अलख जगाने को लेकर गढ़वाल विवि के लोक कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। स्कूली बच्चों ने नाटक के माध्यम से किस तरह से हुकुमरानों द्वारा व्यवस्था का इस्तेमाल, आम आदमी को बलि का बकरा बनाने और एक गरीब अलादाद खां को एक गधे की जगह पर मारने पर नाटक प्रस्तुतियां दी। नाटक हंसी ठहाके के साथ सामाजिक राजनीतिक ढांचे को सामने लाकर खड़ा कर देता है, जहां सत्ताधारी अपने राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि के दिखावे के लिए अपने को बड़ा और महान बनाने के लिए मनमानी ढंग से आम लोगों को पीस देते हैं। नाटक में रुद्र, अंश, गरिमा, शगुन, संस्कार, मानवी, कनिष्का, दीक्षा, आरुषि, अपूर्व, आयुष्मान, रिया, जोया, साबिर, भूमि, भरती, नव्या, अन्वी, निश्चय, शौर्य, अभिनव, हिमांशु ने अपने अभिनय से दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। कार्यक्रम समापन पर कार्यक्रम के सचिव डा. सुभाष पाण्डेय और विभाग के शिक्षक एवं वरिष्ठ रंगकर्मी प्रो. डीआर पुरोहित ने बाल रंग यात्रा में प्रतिभाग करने वाले शहर के प्रतिष्ठित स्कूलों का आभार व्यक्त किया।

## शहरी क्षेत्रों के लिए एडीएम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया



नई टिहरी। जनपद में बढ़ती पेयजल किल्लत को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सीडीओ और शहरी क्षेत्रों के लिए एडीएम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। गुरुवार को नोडल अफसरों ने पेयजल व्यवस्था बनाने के लिए अधिकारियों की बैठक ली। पानी के संकट से निपटने को तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे।विकास भवन में सीडीओ त्रिपाठी और एडीएम केके मिश्रा ने संकट के समाधान को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की। कुल पेयजल स्रोत, उससे जुड़े उपभोक्ता, पेयजल की मांग, सप्लाई सहित अन्य समस्याओं की जानकारी ली। जल संस्थान की तीनों और पेयजल निगम के पांचों डिविजन के अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए कि पेयजल से सम्बंधित शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए।

### महाराणा प्रताप की जयंती पर की प्रतिमा की सफाई

देहरादून। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश के सहसंयोजक लच्छु गुप्ता ने महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर बिंदाल पुल में उनके स्मारक पर मूर्ति की सफाई करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। लच्छु गुप्ता ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाराणा प्रताप एक महान वीर प्रतापी योद्धा थे। उनका स्वाभिमान, अदम्य साहस, वीरता और मातृभूमि के प्रति समर्पण समाज को प्रेरणा देता रहेगा। उनके जीवन की गौरवगाथा ने हमें यह सिखाया है कि संघर्ष के दौरान धैर्य, साहस, और आत्मसम्मान बनाए रखना आवश्यक है। मौके पर भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ की प्रदेश सह संयोजक मधु जैन, जीएमएस मंडल कैंट विधानसभा उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी धीरज ग्रोवर, सुशील साहू मौजूद रहे।

# भिलंग पट्टी की प्रतिभाओं को किया सम्मानित

नई टिहरी। पर्वतीय लोक विकास समिति और भिलंगना क्षेत्र विकास समिति ने गुरुवार को भिलंगना ब्लॉक स्थित भिलंग पट्टी के विद्यालयों के उन विद्यार्थियों को बाल प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया है, जिन्होंने इस वर्ष उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और वरिष्ठ शिक्षकों को उत्तराखंड गौरव शिक्षाविद् सम्मान दिया गया। नवजीवन आश्रम जनता इंटर कालेज घुत्तू में आयोजित सम्मान समारोह के बतौर मुख्य अतिथि एसबीआई प्रबंधक अभय कुमार, समारोह के अध्यक्ष पर्वतीय लोक विकास समिति के राष्ट्रीय संयोजक प्रो. सूर्य प्रकाश सेमवाल रहे। समिति के स्थानीय अध्यक्ष बद्री सिंह रौथान ने बताया कि समितियां कई वर्षों से क्षेत्र में ऐसे सम्मान समारोह आयोजित कर रही हैं। समिति के चेयरमैन शिव सिंह रौथान ने कहा कि समिति पूर्व सैनिकों, मातृशक्ति, विद्वत सम्मान और ग्राम सम्मेलन में विशेष कृषकों और पशुधन के संवर्धकों को सम्मानित कर समाज के प्रत्येक वर्ग से जुड़ने का प्रयत्न करती है। संचालक और पर्वतीय लोकविकास समिति के प्रांतीय सचिव राजेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि गुरुवार को कार्यक्रम में नवजीवन आश्रम इंटर कालेज घुत्तू भिलंग, राइंका कुमशिला, राइंका धोपड़धार और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुगीलाधार के दोनों कक्षाओं में अव्वल आने वाले छात्र – छात्राओं को नकद पुरस्कार के साथ विशिष्ट प्रतिभा प्रमाण पत्र और गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। इस मौके पर श्री नवजीवन आश्रम जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नारायण लाल शाह, राइंका कुमशिला के प्रधानाचार्य बीएल वर्मा, राइंका धोपड़गार के प्रधानाचार्य पीएस राणा और उमावि बुगीलाधार के प्रधानाचार्य केएन सेमल्टी को सम्मान स्वरूप शॉल, प्रतीक चिन्ह और बैच देकर अलंकृत किया गया।

### वनाग्नि पूरी तरह से नियंत्रण में : कपिल लाल

नई टिहरी। जिला मुख्यालय के वन चेतना केंद्र में कपिल लाल ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने दावा किया कि वन विभाग के प्रयासों की सफलता है कि प्रदेश में सघन वनाग्नि की घटनाएं नहीं हुई हैं। वनों में लगी आग को पहले ही रोकने का काम किया गया है। आग की घटनाओं पर पूरा नियंत्रण है। पूरे प्रदेश में वन विभाग के 8500 कर्मचारी आग बुझाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि वनों में आग लगाने वालों की सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा। वनों को आग से बचाने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। वनाग्नि में होने वाली दुर्घटनाओं के लिए विभाग ने बीमा की व्यवस्था की है।

# वनाग्नि के गलत आंकड़ों के दुष्प्रचार पर भी होगी कार्रवाईः सीएस राधा रतूड़ी

### –पिछले 24 घण्टों में उत्तराखण्ड में वनाग्नि की कोई भी नई घटना नहीं

देहरादून। गृह सचिव, भारत सरकार की अध्यक्षता में राज्य में वनाग्नि की घटनाओं की समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जानकारी दी कि पिछले 24 घण्टों में उत्तराखण्ड में वनाग्नि की कोई भी नई घटना नही हुई है। वनाग्नि की घटनाओं में पिछले दो दिनों से लगातार कमी आ रही है। उत्तराखण्ड में वनाग्नि से 0.1 प्रतिशत वन प्रभावित हुए है तथा इस सम्बन्ध में गलत आंकड़ों का दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी सीएस राधा रतूड़ी ने जानकारी दी कि शासन–प्रशासन द्वारा अपनी पूरी ताकत वनाग्नि नियंत्रण में झोंक दी गई। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा वनाग्नि नियंत्रण के सम्बन्ध में निरन्तर समीक्षा व मॉनिटरिंग बैठक की जा रही हैं। मुख्य सचिव द्वारा भी लगातार मॉनिटरिंग बैठकों के साथ स्थिति पर सीधी निगरानी रखी जा रही है। पीसीसीएफ (हॉफ) द्वारा वन विभाग के फील्ड स्टाफ के साथ वनाग्नि मॉनिटरिंग हेतु लगातार बैठकें कर सभी डिवीजनों की जरूरतों के सम्बन्ध में जानकारी ली जा रही है। मुख्यालय स्तर के वरिष्ठतम अधिकारियों को जिलों में फील्ड में उतारा गया गया है। पीसीसीएफ (हॉफ) तथा एपीसीसीएफ वनाग्नि व आपदा प्रबन्धन द्वारा फील्ड ऑपरेशन का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है।

रिस्पॉन्स टाइम को कम करने में सफलता मिलने पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया की एफएसआई से प्राप्त फायर एलर्ट को तत्काल सम्बन्धित वाट्सअप ग्रुप्स में डाल कर क्रू टीम को उसी समय घटनास्थल पर भेजा जा रहा है। एफएसआई से भारी संख्या में मिले फायर एलर्ट की विशेष मॉनिटरिंग करके वनाग्नि को कम से कम समय में नियंत्रित करने में सफलता मिली है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि राज्य में सक्रिय वन पंचायतों, वनाग्नि प्रबन्धन समितियों, महिला मंगल दलों, युवा मंगल दलों को जागरूक करके तथा उत्तरदायी बना कर गांवों के नजदीक के जंगल के इलाकों में वनाग्नि नियंत्रण में सफलता मिली है। वनाग्नि नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामुदायिक संस्थाओं व फील्ड अधिकारियों को प्रोत्साहन, पुरस्कार व तत्काल बजट आंवटन से वनाग्नि नियंत्रण के प्रयासों को एक नई गति मिली।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि वनाग्नि नियंत्रण में सभी सम्बन्धित विभागों जिनमें आपदा प्रबन्धन, फायर सर्विसेज, आदि के कार्मिकों का सहयोग लिया गया है। 28 अप्रैल से 1 मई तक एनडीआरएफ की 15वीं बटालियन ने नैनीताल फॉरेस्ट डिवीजन में वनाग्नि नियंत्रण में सहयोग किया तथा आज यह बटालियन गढ़वाल फॉरेस्ट डिवीजन पहुंच रही है। भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर एमआई 17 वी 5 द्वारा 6 से 8 मई के बीच 44600 लीटर पानी का छिड़काव गढ़वाल फॉरेस्ट डिवीजन पौड़ी में किया गया।

### देश वासियों का अपमान कर रही कांग्रेस : जोशी

देहरादून। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने गुरुवार को बलवीर रोड स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर कहा कि कांग्रेस देश की विविधता और अखंडता के खिलाफ साजिश रच रही है। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सुरेश जोशी ने कहा कि विदेश मूल के नेतृत्व वाली पार्टी अब 140 करोड़ देशवासियों का विदेशी मूल बताकर अपमान करने का काम कर रही है।

उन्होंने सैम पित्रोदा के बयान को देश विरोधी बताते हुए कहा कि कांग्रेस देश की विविधता और अखंडता को समाप्त करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भारत को एक देश के रूप में नही स्वीकारा। वह तो लौह पुरुष सरदार पटेल की राष्ट्रवादी कोशिश का परिणाम था कि सभी राज्य एक झंडे के नीचे आ गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राजनैतिक महत्वकांक्षा को तरजीह देते हुए देश के विभाजन पर हस्ताक्षर किए थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी जिस एक्सरे की बात कर रहे हैं वह सैम पित्रोदा के बयान से साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि पित्रोदा के इस्तीफे से कुछ नहीं होगा, बल्कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को इस मामले सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

## वनाग्नि मामले में हुई कार्रवाई पर भाजपा विधायक ने उठाए सवाल

देहरादून। भाजपा के लैंसडौन विधायक महंत दिलीप रावत ने वनाग्नि मामले में वन विभाग के निचले स्तर के कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई पर सवाल उठाए। गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर उन्होंने कहा कि वनाग्नि मामले में विभाग के बड़े अधिकारियों की जिम्मेदारी तय किए जाने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में विधायक दिलीप रावत ने कहा कि वनाग्नि के लिए सिर्फ वन विभाग के छोटे कर्मचारियों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि विभाग में छोटे कर्मचारियों की लंबे समय से कमी बनी हुई है। उनके पास संसाधनों का भी अभाव है। फायर वाचर को कई बार समय पर वेतन नहीं मिलता। तो कई के पद लंबे समय से खाली चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आग बुझाने के लिए रखे जाने वाले फायर वाचर पर्याप्त नहीं हैं और उनकी सुरक्षा के भी पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। विधायक दिलीप ने कहा कि अंग्रेजों के समय जंगलों को आग से बचाने के लिए फायर लाइन बनाई जाती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं हो पा रहा। इसके साथ ही जंगलों में स्थानीय लोगों की सहभागिता भी पूरी तरह खत्म कर दी गई है। ऐसे में स्थानीय लोगों का भी जंगलों से लगाव नहीं रह गया है।

उन्होंने कहा कि वन विभाग में बड़ी संख्या में बड़े अधिकारी हैं जो बंद कमरों में बैठकर जंगल बचाने का काम करते हैं। ऐसे में वनाग्नि मामले में छोटे कर्मचारियों की बजाए बड़े अधिकारियों की जिम्मेदारी तय किए जाने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि निचले स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई से पूर्व उनकी समस्याओं पर भी विचार किया जाना चाहिए।

## उत्तराखण्ड कैडर के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी दीपक सेठ, आशिमा गोयल एवं राहुल आनंद ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में उत्तराखण्ड कैडर के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी दीपक सेठ, आशिमा गोयल एवं राहुल आनंद ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे भाग्यशाली हैं कि उन्हें देवभूमि उत्तराखण्ड की सेवा करने का मौका मिला है। वार्ता के दौरान राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि भविष्य में उत्तराखण्ड की जनता के समग्र कल्याण के लिए उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों का राज्य है और अधिकारियों को यहाँ की चुनौतियों व संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करना चाहिए।

### नर्सिंग शिक्षकों–छात्रों ने किया 135 यूनिट रक्तदान

देहरादून। नर्सिंग वीक के तहत गुरुवार को चंदरनगर स्थित राजकीय नर्सिंग संस्थान, स्टेट कॉलेज एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग में रक्तदान शिविर में 135 यूनिट रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ स्टेट कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य मनीषा ध्यानी एवं स्टेट स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्रधानाचार्य चंपादयाल ने संयुक्त रूप से किया। संकाय सदस्यों दीपक जोशी, दीपक बर्त्वाल, अखिलेश काला और आयुष चौकियाल द्वारा रक्तदान शिविर का दून अस्पताल के ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया। प्राचार्य मनीषा ध्यानी और प्रधानाचार्या चंपादयाल ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ पुण्य है।

# जेएएम में निहारिका और समूह चर्चा में प्रिया अव्वल

नई टिहरी। टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज भागीरथीपुरम में गुरुवार को कालेज के साहित्यिक क्लब ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया। वक्ताओं ने कहा कि स्कूल, कॉलेज और कार्य स्थल पर लैंगिक भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। सभी नागरिकों को आगे बढ़ने के लिए समान अवसर मिलने जरूरी हैं। टीएचडीसी–आईएचईटी के साहित्यिक क्लब ने जेंडर समानता पर चर्चा को बढ़ावा देने के लिए सृजनहारी कार्यक्रम आयोजित किया। सबसे पहले शिक्षा की भूमिका पर एक समूह चर्चा हुई। संस्थान के जेंडर चैंपियनों और अन्य छात्र–छात्राओं ने असमानता को दूर करने के उपाय सुझाए। इसके बाद जस्ट ए मिनट (जेएएम) सत्र आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने निर्गत विषयों पर स्वाभाविक बोलचाल कौशल को प्रदर्शित किया। समूह चर्चा और जेएएम सत्र के विजेताओं को प्रेरणात्मक पुस्तकें कॉलेज प्रशासन ने दीं। समूह चर्चा में प्रिया मिश्रा पहले, निहारिका पांडेय दूसरे और मयंक प्रजापति तीसरे, जबकि जेएएम सत्र में निहारिका पांडेय पहले, शवेंद्र दूसरे और मोहित पांडेय तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम संयोजक डा. ऋचा बिजल्वाण ने कहा कि जेंडर समानता के लिए इस तरह के आयोजन कारगर साबित हो सकते हैं। कहा कि साहित्यिक क्लब ने एक पहल शुरू की है जो छात्रों की रीडिंग और राइटिंग कौशल में रुचि बढ़ाने में भी सहयोगी सिद्ध होगी। कहा कि मोबाइल फोन की असीमित मौजूदगी के बावजूद परंपरागत साहित्य में रुझान को देखते हुए क्लब का प्राथमिक उद्देश्य सफल रहा।

## बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने किया निरीक्षण

### मायापुर में दो व्यापारियों को कालातीत सामान रखने के लिये थमाए नोटिस

चमोली। चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए यात्रा मार्गों पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सघन निरीक्षण शुरु कर दिया है।

बृहस्पतिवार को प्रभारी अभिहित अधिकारी अमिताभ जोशी ने बदरीनाथ राजमार्ग पर मायापुर में दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दो व्यापारियों को कालातीत खाद्य सामग्री को लेकर तीन दिनों में स्पष्टीकरण देने के नोटिस दिए गए हैं।प्रभारी अभिहित अधिकारी अमिताभ जोशी ने बताया कि चारधाम यात्रा को लेकर जनपद में सघन निरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। ऐसे में बीते दिनों मायापुर में एक होटल में कालातीत सामग्री रखने की सूचना पर बृहस्पतिवार को बाजार में सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान होटल व्यवसायी की ओर से तीन दिन पूर्व कालातीत बिस्कुट होने की बात कबूल की। वहीं एक अन्य दुकान में पारले जी बिस्कुट के 30 पैकेट बरामद हुए। जिस पर दोनों व्यवसायियों को तीन दिनों में लिखित स्पष्टीकरण देने के लिये नोटिस दिए गए हैं। बताया कि तीन दिनों बाद व्यवसायियों के विरुद्ध खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 27(3) (।) के अंतर्गत न्याय निर्णायन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी में वाद दायर किया जाएगा।

### कुआंवाला में शराब की दुकान खोलने का विरोध

देहरादून। कुआंवाला में शराब की दुकान खोलने के विरोध में स्थानीय लोग उतर आए हैं। गुरुवार को दून रीवर वैली रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी ने डीएम कार्यालय में एडीएम को इसे लेकर ज्ञापन सौंपा।

शराब की दुकान न हटाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। पिछले दिनों प्रशासन ने जिले में पांच दुकानों का आवंटन रद्द कर दिया था। इन इलाकों में शराब की नई दुकानें खोले जाने का विरोध हो रहा था। इधर, कुआंवाला में एक अप्रैल से शराब की नई उप दुकान खोल दी गई। दून रिवर वैली रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन काला और पूर्व मुख्यमंत्री नित्यानंद स्वामी की बेटी डॉ.वंदना स्वामी की अगुवाई में दुकान के विरोध में एडीएम जयभारत सिंह से मिले।

## मुख्यमंत्री धामी ने दी स्व. कैलाश चंद्र गहतोड़ी के आवास पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि



काशीपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने काशीपुर, उधम सिंह नगर में राज्य वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष स्व. कैलाश चंद्र गहतोड़ी जी के आवास पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. कैलाश गहतोड़ी ने अपने कार्यों से समाज में एक अलग जगह बनाई । उनके लिए जनसेवा हमेशा सर्वोपरि रहा, गरीब और जरूरतमंदों को हर संभव सहयोग देने के लिए वे सदैव तत्पर रहते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत को आदर्श जनपद बनाने की दिशा में उनके सपनों को पूरा करने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं।

### सिर के ऊपर घूमती नजर आएंगी समुद्री मछलियां

देहरादून। यदि आप समुद्री जलीय जीवन को करीब से अनुभव करना चाहते हैं, तो शुक्रवार से रेसकोस स्थित बन्नू स्कूल के समीप लगने वाले सी वर्ल्ड कार्निवल में आ जाइए। यहां अंडर वाटर सी टनल में आप 200 से अधिक प्रजातियों की मछलियों का दीदार कर पाएंगे। बन्नू स्कूल में गुरुवार को आयोजक एपेक्स वर्ल्ड इंटरनेशनल के अलंकेश्वर भास्कर ने बताया कि यह फिस टनल दुबई और सिंगापुर के एक्वेरियम टनल जैसी ही है। टनल के अंदर लायनहेड, पैरट फिश, एलीफेंट नोज फिश, एंजल फिश, एल्बिनो फिश और एरोवाना फिश सहित कई तरह की सुंदर और अनोखी मछलियां दिखाई देंगी।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी **नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com